प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
23.02.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

प्रधानमंत्री एआई समिट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रशंसा हुई है। उन्होंने कहा कि इस समिट ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवाओं की दूरदर्शी सोच मानवता को कितना लाभ पहुंचा सकती है। एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन एआई इम्पैक्ट पर नई दिल्ली घोषणापत्र को अपनाने के साथ हुआ, जो एआई पर वैश्विक सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

संकल्प योजना

राज्य सरकार ने प्रदेश में मातृ व शिशु के बेहतर स्वास्थ्य और कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए 2 सौ 7 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से इंदिरा गांधी मातृ शिशु संकल्प योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश में 2 लाख 99 हज़ार 4 सौ 88 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व धातृ माताओं को उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, आवश्यक कैलोरी और महत्पूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व से युक्त पूरक पोषण उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुपोषण राज्य में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है और सरकार इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज चम्बा में कई विकास कार्यों के उद्धघाटन किए। इनमें पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चम्बा में अतिरिक्त भवन का लोकापर्ण शामिल है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि चम्बा ज़िला के समग्र विकास के प्रति सरकार कई कदम उठा रही है और जनजातीय क्षेत्र भरमौर व पांगी में भी स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कई सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि चंबा में राजीव गाँधी डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण भी किया जाएगा जिसके लिए भूमि की चयन प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय कृमि दिवस

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आज प्रदेश भर के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 साल तक के बच्चों को एलबेंडाजोल और विटामिन ए की दवाई दी जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों के पोषण व एनीमिया में सुधार करना है। शिमला जिला में इस दौरान 2 लाख 21 हजार 319 बच्चों को ये दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उधर किन्नौर जिला में एक से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल के साथ विटामिन–ए की खुराक भी दी जा रही है।

आपदा राहत

राज्य सरकार ने पिछले वर्ष भारी वर्षा से प्रभावित परिवारों को किराए के लिए वित्तीय सहायता के रूप में 8 करोड़ 97 लाख 90 हजार रुपये जारी किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ये राशि उन परिवारों को जारी की गई है, जिनके मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे, या रहने योग्य नहीं है। शहरी क्षेत्रों मे 10 हजार और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रुपये प्रति परिवार किराया सहायता के रूप में दिए जा रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदा से प्रदेश में 16 हजार 4 सौ 88 परिवार प्रभावित हुए हैं। इनमें से 2 हजार 2 सौ 46 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए जबकि 7 हजार 8 सौ 88 मकानों को आंशिक नुकसान हुआ है।

विंटर लेक फेस्टिवल

चंबा जिला के सलूणी उपमंडल में स्थित तलेरू वोटिंग प्वाइंट में तीन दिवसीय विंटर लेक फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रर्दशर्नियां भी लगाई गई। यहां पहुंचे पर्यटकों ने बताया कि ऐसे आयोजन मनोरंजन के साथ–साथ सांस्कृतिक अनुभव भी प्रदान करते हैं।

मैं राजगढ़ गुजरात से आए हैं बहुत अच्छा अनुभव रहा बहुत मजा आया हम सभी बच्चों को बड़ों को यह सब देखकर बहुत अच्छा लग रहा है यहां।

गुजरात राजकोट से यहां आएं है पांच दिन का कार्यक्रम बनाया था पता चला कि यहां यह फेस्टिवल चल रहा है तो इनज्वाय किया यहां के लोग भी अच्छे हैं उनका स्वभाव भी अच्छा इसलिए इसे देवभूमि बोलते हैं।